सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर, उ0प्र0–272202
Website : www.suksn.edu.in – Email Id : registrarsidduniv@gmail.com

पत्रांकः 603 /सि0वि0वि0/सम्बद्धता/2026 दिनांकः 01/07/2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्रबन्धक,
सम्बद्ध समस्त स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।

विषय–शासन/विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर मांगी जाने वाली सूचनाओं को निर्धारित समयावधि में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराए जाने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

यह संज्ञान में आया है कि शासन, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC), विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर विभिन्न प्रशासनिक, शैक्षणिक, वित्तीय, परीक्षा एवं छात्रहित संबंधी सूचनाएं निर्धारित समय–सीमा के अंतर्गत उपलब्ध कराए जाने हेतु अपेक्षित की जाती हैं।

यह अत्यंत खेद का विषय है कि विश्वविद्यालय द्वारा बार–बार पत्राचार, ई–मेल एवं दूरभाष के माध्यम से अनुरोध किए जाने के उपरांत भी अनेक स्ववित्तपोषित महाविद्यालय/संस्थान निर्धारित समय में अपेक्षित सूचनाएं उपलब्ध नहीं कराते हैं। फलस्वरूप विश्वविद्यालय शासन को समयबद्ध एवं तथ्यपरक सूचना प्रेषित करने में कठिनाई का सामना करता है, जिससे विश्वविद्यालय की प्रशासनिक कार्यप्रणाली प्रभावित होती है तथा शासन स्तर पर अनावश्यक प्रतिकूल स्थिति उत्पन्न होती है।

अतः निर्देशित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा मांगी जाने वाली प्रत्येक सूचना को निर्धारित समय–सीमा के भीतर, पूर्ण, प्रमाणित एवं सही रूप में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की विलंबित, अपूर्ण अथवा भ्रामक सूचना के लिए संबंधित महाविद्यालय/संस्थान के प्राचार्य/प्रबंधन की उत्तरदायित्व निश्चित किया जाएगा।

यह भी अवगत कराया जाता है कि भविष्य में समय–सीमा के उपरांत प्राप्त सूचनाओं को स्वीकार किया जाना आवश्यक नहीं होगा तथा ऐसी स्थिति में उत्पन्न होने वाले समस्त प्रशासनिक परिणामों एवं उत्तरदायित्व के लिए संबंधित महाविद्यालय/संस्थान स्वयं उत्तरदायी होगा।

नोटः–अपेक्षा की जाती है कि भविष्य में विश्वविद्यालय द्वारा प्रेषित प्रत्येक पत्र/ई–मेल का सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

भवदीय
01/07/26
कुलसचिव,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

पत्रांक : तद्दिनांकित।
प्रतिलिपि, निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबन्धक, सम्बद्ध समस्त स्ववित्तपोषित महाविद्यालय।
2. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
3. प्रभारी कोडिंग सेल को इस निर्देश के साथ कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय के वेबसाइट तथा कालेज लॉगिन पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
4. गार्ड फाइल में संरक्षित हेतु।

कुलसचिव,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।